डीजी परिपत्र संख्या–21 2017

सुलखान सिंह
आईपीएस

पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश
1–तिलक मार्ग, लखनऊ
दिनांकः अगस्त 01 ,2017

प्रिय महोदय,

विदित है कि सीसीटीएनएस योजना पूरे देश की एक महत्वपूर्ण पुलिस आधुनिकीकरण योजना है। सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपराध सम्बन्धी सभी ऑकड़े ऑन लाइन अंकित किये जाते हैं। सीसीटीएनएस पोर्टल पर पुराने रिकार्ड्स पूर्ण रूप से डिजिटाइज्ड होने व नये क्राइम रिकार्ड्स पूर्णरूप से भरने से पुलिस कार्य प्रणाली में काफी हद तक सुधार लाया जा सकता है। सीसीटीएनएस पोर्टल पूर्णरूप से संचालित होने पर न सिर्फ अपराध रोकने में सहायता मिलेगी बल्कि नागरिकों को भी बेहतर सेवा देना सम्भव हो पायेगा।

2. यह देखा गया है कि सीसीटीएनएस पोर्टल सम्बन्धी कार्यो के सम्बन्ध में जनपद/थाना स्तर पर अधिकारियों द्वारा गुणात्मक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। यह इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि वास्तविक अपराध ऑकड़े व सीसीटीएनएस पोर्टल से प्राप्त ऑकड़ों में भारी अन्तर होता है। उचित होगा कि जनपद/थाना स्तर के अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर किये गये कार्यो को उनके वार्षिक मन्तव्य में समाहित किया जाये।

3. उपरांकित के दृष्टिगत सीसीटीएनएस पोर्टल पर किये गये प्रयासों का विवरण सम्बन्धित अधिकारियों के ए0सी0आर0/पी0ए0आर0 में तथ्यों सहित अंकित किया जाये। तदोपरान्त इन प्रयासों को दृष्टिगत रखते हुए श्रेणी निर्धारित की जाये।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

सद्भावी, भवदीय,
1/8/17
(सुलखान सिंह)

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद, उत्तर प्रदेश।

संलग्नक–यथोपरि।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1.पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
2.अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उ0प्र0।
3.पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उ0प्र0।